राष्ट्र वंदना

जग में सर्वोत्तम, स्वर्ग से सुंदर
ऐसा मेरा भारत हो ।
हँसता खेलता यहाँ का शैशव,
सबल पुष्ट हो यहाँ का यौवन ।
शिक्षित दीक्षित यहाँ हो हर जन
ज्ञान प्रबुद्ध हो यहाँ का मानस
जग में सर्वोत्तम, स्वर्ग से सुंदर
ऐसा मेरा भारत हो ।
विज्ञान के पथ पर बढ़ें नर-नारी,
सुंदर उज्ज्वल हो भारत माँ की छवि प्यारी ।
खेलकूद में सर्वश्रेष्ठ और,
चमके दमके स्वच्छ भारत ।
जग में सर्वोत्तम, स्वर्ग से सुंदर
ऐसा मेरा भारत हो ।
अंतरिक्ष में ग्रहों की गणना,
ब्रहमाण्ड का भेद जो जाने भारत ।
संसार को शून्य देने वाला,
शांति दूत कहलाने वाला ।
जग में सर्वोत्तम, स्वर्ग से सुंदर
ऐसा मेरा भारत हो ।
जलवायु शुद्ध और उत्तम भोजन,
आज़ाद शत्रु और न कोई दुश्मन ।
वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश
विश्व गुरू हो मेरा देश
ऐसा मेरा सपना है
जग में सर्वोत्तम, स्वर्ग से सुंदर
ऐसा मेरा भारत हो ।